# <u>समाचार</u>

## <u>निःशक्तजनों की भर्ती हेतु पात्र–अपात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित</u>

## <u>(निगम ने 31 दिसम्बर 2015 तक मंगाई दावा आपत्तियां )</u>

कोरबा 23 दिसम्बर 2015 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निःशक्तजनों के बैकलाग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सीधी भर्ती के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की सूची तथा इनमें से पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर उसका प्रकाशन कर दिया गया है, जो निगम के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। निगम ने उक्त सूची पर दावा आपत्तियां 31 दिसम्बर 2015 तक आमंत्रित की है।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निःशक्तजनों के बैकलाग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सीधी भर्ती किये जाने के अंतर्गत उप अभियंता, सहायक ग्रेड–3, टाईमकीपर (समयपाल), हेल्परमजदूर, माली एवं चौकीदार आदि पदों के लिए निःशक्तजनों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची निगम द्वारा तैयार कर ली गई है, साथ ही इन प्राप्त आवेदन पत्रों में से पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों की सूची भी तैयार की गई है। निगम द्वारा उक्तानुसार सूची निगम कार्यालय साकेत भवन के सूचना पटल पर प्रकाशित कर दी गई है। निगम द्वारा कहा गया है कि यदि किसी को उक्त सूची में किसी प्रकार की आपत्ति है तो वे अपने दावा आपत्ति 31 दिसम्बर 2015 तक निगम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किये गये दावा आपत्ति को मान्य नही किया जाएगा।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)